दिनांक 31 मार्च 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर नीरज पाल ने लाभ का बजट किया पेश, 760 करोड़ बजट प्रावधान सदन में पारित, शहर में होंगे विभिन्न कार्य, युवाओं, महिलाओं, पत्रकारों के लिए भी अच्छी पहल, बजट में हर वर्ग का रखा गया ध्यान, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल सौंदर्यीकरण से लेकर शहर विकास से जुड़े तमाम कार्य होंगे

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज साधारण सम्मेलन में बजट पेश किया। 76035.39 लाख का बजट प्रावधान विभिन्न कार्यों के लिए रखा गया है। साधारण सम्मिलन में सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त रोहित व्यास एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष तथा पार्षद व अधिकारी आदि मौजूद रहे। महापौर ने अपने अभिभाषण में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल जी की सोच के अनुरूप हम सब भिलाई को विकास की नयी दिशा देने की ओर निरंतर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ का पहला निगम भिलाई जो आईआईटी के साथ लिडार सर्वे को लेकर करेगा अनुबंध नगर पालिक निगम भिलाई एक ऐसा पहला नगर निगम होगा जो आईआईटी के साथ मिलकर लिडार सर्वे के लिए अनुबंध करेगा। आधुनिक दृष्टिकोण से तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लिडार सर्वे के माध्यम से भिलाई विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। यह एक ऐसी हाईटेक टेक्नोलॉजी की सर्वे है जिसके माध्यम से क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी पता लगाकर उसके विकास को नई दिशा में ले जाया जा सकता है। भिलाई निगम का शहर विकास के लिए यह बड़ा कदम होगा। युवाओं के लिए अच्छी पहल आॅडिटोरियम-दुर्ग जिले में सर्वसुविधा युक्त प्रथम 1000 सिटिंग कैपेसिटि का आॅडिटोरियम कम सेंट्रललाईब्रेरी का निर्माण कार्य हेतु राशि बीस करोड़ प्रस्तावित है।जिसका उपयोग युवाओं द्वारा नाट्य कला, नृत्य एवं संगीत, शिक्षा, साहित्य इत्यादि कार्यक्रमों में किया जायेगा।

बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग सेंटर निगम के वैशालीनगर एवं भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में एक एक हजार क्षमता के बिजनेस प्रोसेसिंग आउट सोर्सिंग सेंटर स्थापित किये जा रहे है , जिसमें कुल राशि दस करोड़ रूपये प्रस्तावितहै।

शहर में स्टार्टअप उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निगम क्षेत्र में रीपा की तर्ज पर शहरों मे अर्बनकाॅटेज एवं सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क हेतु राशि दो करोड़ रूपये में प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

राजीव युवा मितान क्लब शहर के युवाओं के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के 70 वार्डो में 140 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से खेल को बढ़ावा देने के माध्यम से कब्डडी, खो-खो, योगा, कुस्ती, क्रिकेट,छ.ग. पारंपरिक खेलगेड़ी, भौरा, पिटटूलआदि की प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजक प्रतिस्पर्धाए की जा रही है।

महिला सशक्ति करण मदर्स मार्केट शहरी सरकार द्वारा खण्डर पड़े भवन का जिर्णोद्धार कर मदर्स मार्केट का निर्माण किया गया है। जिसमें स्व. सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न व्यवसाय के माध्यम से अपनी जीविका चला रही है।अगरबत्ती, फिनाईल, सेनेटरीपैड, दोनापत्तल, फूलो से निर्मित सोप , गुलाल इत्यादि इसके अलावा मछली पालन , सब्जी, मशरूम उत्पादन किए जाते है तथा गोबर से बने दिये के विक्रय से अब तक लाखों रूपये की आय हुई है।

शहरी महिला आजीविका केन्द्र्

नगर निगम क्षेत्र में 1000 शहरी महिलाओं को आजीविका प्रदान करने हेतु रेडिमेड गारमेंट फैक्ट्री की स्थापना प्रस्तावित वित्तीय वर्ष में की जा रही है।

स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को सुविधा प्रदान करने हेतु लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का आधुनिकीकरण एवं सुविधाओं के विस्तारिकरण हेतु राशि सात करोड़ मात्र की माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदान किया गया है।

‘‘दाई-दीदी मेडिकल यूनिट‘‘ क्लीनिक का विशेष शिविर महिलाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है , अबतक 660 कैंप के माध्यम से 51486 को लाभांवित किया जा चुका है। इस योजना से निर्धन परिवारों को उनके मोहल्ले में ही दवा, उपचार एवं लैब टेस्ट की बड़ी सुविधा प्राप्त हो रही है तथा मोबाइल यूनिट टीम में महिला स्टाफ नियुक्त है , तथा इस यूनिट में सिर्फ महिलाओं के उपचार की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज को निगम क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित कोविड के दौरान संजीवनी बने चंदुलाल चन्द्राकर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल को नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है।

0